


# भूकंप के संकेत, राजनीतिक क्षेत्रों में चलेगी उठापटक...

- गोठड़ा माताजी में आगामी वर्ष को लेकर की भविष्यवाणी युद्ध को लेकर कहा
- महाभारत चलती रहेगी



**खाचरौद।** तहसील के अंतिम छोर पर स्थित रतलाम जिले की सीमा से सटा गांव गोठड़ा जहां स्थित महिषासुर मर्दनी माताजी जो चैत्र नवरात्रि की नवमी को सैकड़ों वर्षों से अपनी भविष्यवाणियों के लिए देश प्रदेश में विख्यात है। आज नवमी पर महिसासुर मर्दिनी माताजी के पण्डाजी चौधरी द्वारा मलेनी नदी के बीच बने चबूतरे से भविष्यवाणी की। जिसे सुनने के लिए दूर दराज के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में आमजन पहुंचे।

भविष्य वाणी के पूर्व माताजी के प्रांगण में यज्ञाचार्य कपिल पौराणिक के सानिध्य में नौ दिन तक धार्मिक आयोजन के बाद आज पूर्णाहुति हुई। जिसके बाद माताजी की वाडी शोभा यात्रा के रूप में मलेनी नदी के तट पर पहुंची। जहां बने चबूतरे पर आगामी वर्ष के लिए भविष्यवाणी की गई। माताजी के पण्डे ने आगामी वर्ष 2026-27 के लिए की गई भविष्य वाणी में बताया कि इस साल अग्नि का प्रकोप ज्यादा रहेगा। आंधी हवा का भयंकर प्रकोप रहेगा, खेत जोतने का मुहूर्त तेरस मंगलवार है। आधा वैशाख में पानी गिरेगा, दूसरा ज्येष्ठ माह में भी पानी गिरेगा बोवनी नहीं करे। आगामी वर्ष में तीन बोवनी (वावणी) होगी। पहली बहते आषाढ़ की एकम से नवमी दशमी तक, दूसरी बोवनी आधा आषाढ़ एकम से पांचम तक और तीसरी आखरी बोवनी (वावणी) उतरते आषाढ़ से बहते सावन के पांचम तक बोवनी होगा।

सावन माह में पानी कम है कहीं ज्यादा कहीं कम गिरेगा आधा सावन बाद पानी हे। वहीं कहीं कहीं बहुत ज्यादा पानी भी है। भादवा माह में आधा में पानी नी गिरेगा आधा भादवा में पानी है। कुंवार माह में भी पानी हे। कुछ क्षेत्रों में बारिश की कमी होगी सोयाबीन सहित सभी अनाजों का भाव अच्छा रहेंगे। आगामी वर्ष में सात मावठे हे अगहन माह में, पौष में, माघ में, फागण में ओला वृष्टि होगी। इस साल बीमारी का प्रकोप ज्यादा रहेगा, वैशाख से आषाढ़ तक बीमारी का प्रकोप रहेगा। कुंवार कार्तिक में भी बीमारी है। जिसकी शांति के लिए गांव गांव खेड़ा देव महावीर हनुमानजी का यज्ञ करने की बात कही। सभी चीजों के भाव रहेंगे, गेहूं लहसुन के भाव रहेंगे प्याज मीडियम रहेगा। काली और सफेद चीज में तेजी रहेगी, मैथी के भाव ठीक रहेंगे। गाय भैंस में बीमारी होगी, इस साल में कहीं भूकंप का भी खतरा है। उन्होंने कहा कि गो की रक्षा व बेटी की रक्षा की बात कही। विश्व में जारी लड़ाई को लेकर उन्होंने कहा कि यह महाभारत चलती रहेगी। साथ ही उन्होंने सालभर के अनाज आदि का भंडारन की बात कही भविष्यवाणी सुनने मप्र राजस्थान सहित आसपास के क्षेत्र के साथ ही दूर दराज के क्षेत्र से हजारों की संख्या में सुनने वाले पहुंचे। आज गोठड़ा में एक दिवस के मेले का आयोजन भी हुआ। उक्त अवसर पर अनेक जनप्रतिनिधी भी मौजूद थे।

# नागदा व्यापारी संघ : नववर्ष अभिनदंन के लिए मिलन समारोह आज

**नागदा। विक्रम संवत 2083 के शुभारंभ के अवसर पर नागदा व्यापारी संघ द्वारा नववर्ष के स्वागत में एक भव्य मिलन समारोह का आयोजन आज शनिवार 28 मार्च को किया जा रहा है। यह आयोजन श्री सिद्ध मनकामेश्वर हनुमान मंदिर परिसर, चंबल डेम, बिरलाग्राम फाटक के समीप, नागदा जं.( जिला उज्जैन ) में संपन्न होगा, जिसमें नगर सहित आसपास के क्षेत्रों के व्यापारी बंधु एवं उनके परिवारजन सहभागिता करेंगे।**

कार्यक्रम का आयोजन पंकज नामदेव एवं लता खेतान की अध्यक्षता में नागदा व्यापारी संघ द्वारा आयोजित किया जा रहा है। आयोजन स्थल पर शाम 5 बजे से महिला मंडल द्वारा हाउजी एवं चेयर रेस, सायं 5.30 बजे से सुंदरकांड पाठ, सायं 7.45 बजे- अतिथि स्वागत एवं सम्मान व स्नेहभोज आयोजित होगा।कार्यक्रम में रमेश खंडेलवाल एवं संजय अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

विशिष्ट अतिथियों में रंजना पाटीदार अनुविभागीय अधिकारी, विक्रम अहिरवार अनुविभागीय अधिकारी, मधु नायक तहसीलदार एवं अजयजी रोहरा शामिल रहेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु संघ के पदाधिकारी पंकज नामदेव, पंकज अग्रवाल, रसमन जैन एवं दिलीप कांठेड़ के नेतृत्व में तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।साथ ही मुख्य संरक्षक दिनेश अग्रवाल, संगठन मंत्री रितेश नागदा, मीडिया प्रभारी निलेश मेहता, उपाध्यक्ष संजय मुरडिया, अनिल पोरवाल भगवान लाल पोरवाल, दिलीप सोनगरा, मनीष पोरवाल, राहुल अग्रवाल सहित समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

महिला मंडल में अध्यक्ष लता खेतान, सचिव वर्षा मेहता, सह सचिव राधा पांचाल, कोषाध्यक्ष पद्मा सेठिया एवं संयोजक सीमा मालपानी की विशेष भूमिका रहेगी। नागदा व्यापारी संघ द्वारा समस्त व्यापारी बंधुओं एवं उनके परिवारजनों से अपील की गई है कि वे सपरिवार उपस्थित होकर नववर्ष मिलन समारोह को सफल बनाएं एवं आपसी सौहार्द्र व एकता को सुदृढ़ करें। जानकारी निलेश मेहता ने दी।

## एक नजर में

### अवकाश दिवस में भी खुलेगी नगर पालिका

**महिदपुर।** शासन से प्राप्त निर्देशानुसार सम्पत्तिकर, जलप्रभार के अधिभार में छूट का लाभ 31 मार्च तक दिया जा रहा है। इसके लिए राजस्व वसूली हेतु नगर पालिका कार्यालय शनिवार, रविवार अवकाश दिवस भी खुला रहेगा। मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजा यादव द्वारा चर्चा में बताया कि नागरिकअपनी बकाया जलकर एवं सम्पत्ति कर की राशि जमा कर अधिभार एवं सरचार्ज में छूट प्राप्त कर सकते हैं, यह छूट 31 मार्च तक दी जा रही है। अत: समस्त नागरिक अपनी बकाया जलकर एवं सम्पत्ति कर की राशि नगरपालिका में जमा कर अधिभार एवं सरचार्ज में छूट प्राप्त कर शासन के इस सुनहरे अवसर का लाभ लेवें।

### स्व. शकुंतला मोहनलाल शर्मा स्मृति टेपा सम्मान...

**उज्जैन।** आगामी एक अप्रैल, अंतर्राष्ट्रीय मूर्ख दिवस पर कालिदास अकादमी में आयोजित होने वाले मालवा की हास्य-व्यंग्य संस्कृति को समर्पित, अखिल भारतीय टेपा सम्मेलन में स्व. शकुंतला मोहनलाल शर्मा स्मृति टेपा सम्मान नरेश शर्मा को एवं कला संकेत टेपा सम्मान ख्यात चित्रकार डॉ. अभिषेक सिंह तोमर को प्रदान किया जाएगा। टेपा सम्मेलन के सचिव मनीष शर्मा ने बताया कि प्रख्यात समाजसेवी स्व. लाला अमरनाथ और टेपा सम्मेलन के संस्थापक-अध्यक्ष डॉ. शिव शर्मा की स्मृति को समर्पित 53वें टेपा सम्मेलन में प्रसिद्ध चित्रकार दीपक शर्मा द्वारा स्थापित स्व. शकुंतला मोहनलाल शर्मा स्मृति टेपा सम्मान प्रख्यात समाजसेवी नरेश शर्मा को एवं कला संकेत टेपा सम्मान ख्यात चित्रकार डॉ. अभिषेक सिंह तोमर को प्रदान किया जा रहा है। कानूनविद स्व. बालकृष्ण उपाध्याय स्मृति टेपा सम्मान सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ एडवोकेट डॉ. आदिश सी. अगरवाला को और स्व. अशोक ब्रजलाल जायसवाल स्मृति टेपा सम्मान वृक्ष मित्र समिति के अध्यक्ष अजय भातखंडे को प्रदान किया जाएगा। टेपा सम्मेलन में जिन टेपा अतिथियों को आमंत्रित किया गया है उनमें पुलिस महानिरीक्षक राकेश गुप्ता, कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, विधायक एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेश परमार, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़, प्रेस क्लब अध्यक्ष नंदलाल यादव, वरिष्ठ सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट आदिश सी. अगरवाला, बैरवा समाज अध्यक्ष सुरेन्द्र मरमट, समाजसेवी नरेश शर्मा एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट कमलेश धनोतिया सम्मिलित हैं। टेपा सम्मेलन में फिल्म धुरंधर-2 फेम कॉमेडियन प्रख्यात हास्य अभिनेता राकेश बेदी (मुंबई) आकर्षण का केंद्र होंगे। अतिथियों पर प्रशस्ति वाचन और टेपा चिल्मी मुकदमे चलाए जाएंगे।

### सिल्क प्रदर्शनी में बुनकर प्रदर्शित कर रहे कला



**इंदौर.** सूरज की बढ़ती तपिश और बदलते मौसम के बीच, समर वेडिंग सीजन और आने वाले सामाजिक आयोजनों की तैयारियां भी अब परवान चढ़ने लगी हैं. ऐसे में, मौसम के अनुकूल सिल्क और कॉटन साड़ियों का स्पेशल कलेक्शन इंदौरवासियों को उपलब्ध कराने के लिए, बास्केटबॉल कॉम्प्लेक्स पर भव्य सिल्क इंडिया% प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है. यह प्रदर्शनी खास तौर पर उन लोगों के लिए है जो गर्मियों के विवाह समारोहों में भारी-भरकम कपड़ों के बजाय लाइट वेट और ब्रीदेबल हैंडलूम सिल्क को तरजीह देते हैं।25 मार्च से 31 मार्च तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में देशभर के बुनकरों द्वारा तैयार की गई सिल्क साड़ियों और एथनिक वियर की एक विस्तृत श्रृंखला एक ही छत के नीचे उपलब्ध है. चाहे पेस्टल शेड्स हों या गर्मियों के अनुकूल सिल्क का खास टेक्सचर, यहाँ आपको खरीदारी का एक शानदार अवसर मिलेगा। साड़ियों की लगभग 50 हजार वैरायटी यहां प्रदर्शित की जा रहीं हैं. आयोजक पुष्पेन्द्र रावत ने बताया कि शहर के साड़ी प्रेमी विभिन्न राज्यों के बुनकरों से सीधे हेण्डलूम सिल्क साड़ियों खरीद सकते हैं. 25 मार्च से 31 मार्च तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक आयोजित की जा रही सिल्क इंडिया सेल में देश के विविध स्थानों की लोकप्रिय वैरायटी की मनमोहक साड़ियाँ एवं ड्रेस मटेरियल पेश किए गए हैं.

### हेटिक के अत्याधुनिक प्लांट का किया उद्घाटन

**इंदौर.** हेटिक इंडिया ने इंदौर में अपनी नई स्टेट-ऑफ-द-आर्ट मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी का उद्घाटन किया, जिससे देश के प्रति उनका लंबे समय से चला आ रहा कमिटमेंट और मज़बूत हुआ है. नया प्लांट, टेक्नोलॉजिकली एडवांस्ड अंडरमाउंट ड्रॉअर रनर बनाएगा- प्रिसिजन-इंजीनियर्ड कंसील्ड स्लाइडिंग सिस्टम जो ड्रॉअर के नीचे लगाए जाते हैं ताकि स्मूद, साइलेंट मूवमेंट और एक साफ, हैंडल-फ्री लुक मिल सके. यह भारत में हेटिक की पहली डेडिकेटेड अंडरमाउंट ड्रॉअर रनर मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी है और देश में कंपनी के लगभग 2,000 करोड़ के कुल इन्वेस्टमेंट का हिस्सा है. इस डेवलपमेंट पर हेटिक इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, मिस्टर आंद्रे एकहोल्ट ने कहा भारत में हेटिक के ऑपरेशन के 25 साल पूरे होने पर, इंदौर, मध्य प्रदेश में हमारे नए प्लांट का उद्घाटन हमारी ग्रोथ जर्नी में एक और बड़ा मील का पत्थर है.

### जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता 30 से कटक में

**इंदौर.** ओलम्पिक कोन्सिल ऑफ एशिया, एशियन खो-खो फेडरेशन एवं वर्ल्ड खो-खो से मान्यता प्राप्त खो-खो इंडिया द्वारा आयोजित जुनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता दिनांक 30 मार्च से 2 अप्रेल 2026 आठगढ़ कटक उडिसा में आयोजित की गई है, इस चेम्पीयनशिप में खो-खो मध्यभारत की बालक / बालिका टीम भाग ले रही है. खो-खो मध्यभारत टीम के महासचिव आतिश जाधव द्वारा खो-खो मध्यभारत टीम की घोषणा की गई, बालक टीम का कप्तान देव डोरिया एवं महिला टीम का कप्तान प्रगति सक्तावत को बनाया गया. मध्यभारत टीम इस प्रकार है- बालक टीम : देव डोरिया कप्तान, मनदीप चौधरी, चिराग बोडाला, विनित सेन, विजय पाल, शिवप्रतापसिंह चौहान, जयदिप पांचाल, आरव गोस्वामी, तन्मय सोलंकी, यशवीर यादव, लक्ष्य शर्मा, ध्रुव मोदी, सिद्धार्थ मालवीय कोच एवं पवन बोयत मैनेजर, महिला टीम- प्रगति सक्तावत कप्तान, आर्यही रघुवंशी, हिमांशी भंडारी, हितांशी भंडारी, रितिका उमैरिया, हिमांशी पांचाल, कनक चौधरी, प्रियांशी डोडिया, दृष्टि परमार, प्राजल शर्मा, अंजली साहु, चित्रांशी पाटीदार, अमन श्रीवास्तव कोच, जिज्ञांशी पाटीदार मैनेजर नियुक्त किए गए.

# उज्जैन में 5वीं-8वीं के नतीजे शानदार

- 94 प्रतिशत से अधिक रहा परिणाम, तराना और बड़नगर अव्वल

**महिदपुर।** उज्जैन जिले में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के तहत कक्षा 5वीं और 8वीं के परीक्षा परिणाम उत्साहजनक रहे हैं। दोनों कक्षाओं में कुल मिलाकर 94 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थी सफल हुए हैं। कई विकासखंडों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले की शैक्षणिक गुणवत्ता को मजबूत संकेत दिया है।

कक्षा 5वीं के परिणामों में जिले का ओवरऑल पास प्रतिशत 94.27 प्रतिशत दर्ज किया गया। इस कक्षा में कुल 31,257 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 29,467 छात्र-छात्राएं सफल रहे। ब्लॉक स्तर पर बड़नगर (97.14 प्रतिशत), घट्टिया (97.34 प्रतिशत) और तराना (97.25 प्रतिशत) ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। वहीं खाचरौद का परिणाम 92.65 प्रतिशत और महिदपुर का 94.32 प्रतिशत रहा। उज्जैन शहरी क्षेत्र में पास प्रतिशत 89.80 प्रतिशत रहा, जो अन्य ब्लॉकों की तुलना में थोड़ा कम है। गुणवत्ता के लिहाज से भी परिणाम उल्लेखनीय रहे हैं। वहीं कक्षा 8वीं के नतीजों में भी जिले ने मजबूत प्रदर्शन किया। कुल 27,645 विद्यार्थियों में से 26,105 छात्र सफल रहे, जिससे पास प्रतिशत 94.50 प्रतिशत दर्ज हुआ। तराना ब्लॉक ने 97.87 प्रतिशत रिजल्ट के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि महिदपुर (95.83 प्रतिशत) और उज्जैन ग्रामीण (95.90 प्रतिशत) ने भी बेहतर प्रदर्शन किया। बड़नगर का परिणाम 94.09 प्रतिशत और घट्टिया का 92.22 प्रतिशत रहा। जिले के इन परिणामों से स्पष्ट है कि प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार हो रहा है। हालांकि शहरी क्षेत्र के परिणाम अपेक्षाकृत कम रहे, जिस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। वहीं ग्रामीण और अर्धशहरी ब्लॉकों का प्रदर्शन शिक्षा के विकेंद्रीकरण और बेहतर मॉनिटरिंग का संकेत देता है। कुल मिलाकर उज्जैन जिले का 5वीं और 8वीं का परीक्षा परिणाम न केवल संतोषजनक रहा, बल्कि गुणवत्ता के पैमाने पर भी मजबूत साबित हुआ है। आने वाले सत्रों में इस प्रदर्शन को बनाए रखना और शहरी क्षेत्रों में सुधार करना प्रशासन के लिए प्राथमिक चुनौती होगी।

# पानी की प्याऊ का पक्का निर्माण कर किया उद्घाटन



**खाचरौद।** स्टेशन रोड पर स्थित अंबेडकर भवन पर सेवानिवृत शिक्षक एवं अधिवक्ता रूपसिंह कपूर द्वारा अपने माता-पिता, पत्नी व पूर्वजों की याद में डॉ. भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर पानी की प्याऊ का स्थाई पक्का निर्माण कर अजाक्स संघ खाचरौद को संचालन के लिए सौंपा। कपूर के द्वारा फीता काट कर पानी की प्याऊ का विधिवत उदघाटन किया।

अजाक्स संघ द्वारा रूपसिंह कपूर का साफा बांध कर शाल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष दिनेश ठन्ना, पार्षद प्रतिनिधि राजेन्द्र धाकड़, रतनलाल सोलंकी के आतिथ्य में हुआ। संचालन अमृत मकवाना ने किया। इस अवसर पर अतिथियों ने अपने अपने विचार रखें। नगर पालिका उपाध्यक्ष ठन्ना ने 1000 लीटर पानी की टंकी देने की घोषणा की। शोभाराम परासिया ने अजाक्स संघ से जुड़े अपने अनुभव साझा किए।

# महिदपुर के अंगदान से प्रेरित हो शुजालपुर में भी किया अंगदान




**महिदपुर।** एक दो नहीं 10 वर्ष (एक दशक) पूर्व 42 वर्षीय महिदपुर के विश्वास जवाहर डोसी के पांचवें ग्रीन कॉरिडोर से हुए अंगदान की प्रेरणा से प्रभावित होकर शुजालपुर निवासी 34 वर्षीय अनुपम जगदीश नालमे का 67 वें ग्रीन कॉरिडोर से इंदौर में ही परोपकारी अंगदान हुआ।

**महिदपुर के जवाहर डोसी भी अंगदान प्रक्रिया में रहे उपस्थित :** इंदौर के सीएचएल चिकित्सालय में अंगदान की पूरी प्रक्रिया में नगर के रक्तदान, अंगदान, नेत्रदान, देहदान प्रेरक वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी जवाहर डोसी पीयूष भी तत्समय गार्ड ऑफ़ ऑनर देने तक की पूरी प्रक्रिया में उपस्थित रहे और महिदपुर की ओर से अपनी भावभीनी अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की।

# बड़ा गणपति से छत्रीबाग साईं मंदिर तक निकली प्रभातफेरी

**इंदौर.** बड़ा गणपति चौराहा से छत्रीबाग साईं मंदिर तक गुरुवार को अलसुबह निकली साईं बाबा की पालकी यात्रा और प्रभात फेरी ने नए कीर्तिमान स्थापित कर दिए. तीन हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने सुबह 5.30 बजे से बड़ा गणपति पहुंचकर बाबा की सुसज्जित पालकी के पूजन, दर्शन और अभिषेक का ऐसा सिलसिला शुरू किया जो छत्रीबाग साईं मंदिर तक निरंतर चलता रहा.



शहर के करीब 25 संतों महंतों और विद्वानों के सानिध्य में पालकी के पूजन के साथ शुरू हुई यह अनूठी प्रभात फेरी पूरे समय श्रद्धा, आस्था और भक्ति के रंग में सराबोर बनी रही. समूचा क्षेत्र साईं बाबा के जयकारों से गुंजायमान बना रहा. शिर्डी से लाई गई साईं बाबा की पवित्र चादर आकर्षण का केंद्र बनी रही. साईं भक्त ब्रह्मलीन विनीता पाठक को समर्पित इस यात्रा में शहर के 200 से अधिक साईं मंदिरों के श्रद्धालु शामिल हुए. केन्द्रीय साईं सेवा समिति के प्रमुख और इस आयोजन के सूत्रधार गौतम सुरेन्द्र पाठक, प्रदीप यादव एवं समीर जोशी ने बताया कि द्वारा गत 2 मार्च से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में साईं बाबा की पालकी एवं प्रभात फेरी के 24 दिवसीय आयोजन के समापन के पश्चात साईं भक्तों ने गुरुवार को साईं बाबा को अपना नमन, वन्दन और अभिनन्दन समर्पित करने के लिए बड़ा गणपति चौराहे पर सुबह से ही मजमा लगाना शुरू कर दिया था. शहर के दूर-दूर के क्षेत्रों से परम्परागत परिधान में सज-धजकर आए महिला-पुरुषों ने बाबा की पालकी के दर्शन पूजन किए और ढोल ढमाकों, बैंड बाजों, राम दरबार की सवारी, उज्जैन की डमरू झांज मंडली, भस्म रमैया भजन मंडली, आदिवासी नृत्य मंडली, गरबा एवं भजन मंडल के भक्तों की दीवानगी और भजन गायकों की मनोहारी प्रस्तुतियों पर नाचते गाते हुए अपनी यात्रा प्रारम्भ की. साईं भक्त चंदू कुंजीर एवं आलोक खादीवाला ने बताया कि बड़ा गणपति से मल्हारगंज, टोरी कोर्नर, गौराकुंड, सीतलामाता बाजार, नरसिंह बाजार चौराहा होते हुए साईं भक्तों का यह काफिला जैसे ही छत्रीबाग साईं मंदिर पहुंचा, भक्तों का जोश पूरे शबाब पर पहुँच गया.

**एक नजर** 350 कर्मचारियों के वेतन भुगतान, सीएमएचओ कार्यालय की अनियमितताओं और महिला कर्मचारियों की परेशानी पर अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

# जिला पंचायत में गूंजी स्वास्थ्य कर्मचारियों की समस्याएं, वेतन और ई-अटेंडेंस का उठा मुद्दा

**उज्जैन।** जिला पंचायत उज्जैन की साधारण सभा की बैठक में स्वास्थ्य कर्मचारियों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए विधायक एवं जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जितेन्द्र मंडोरा ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल निर्देशित करने का प्रस्ताव रखा। न्यू बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के सदस्यों ने जिला पंचायत अध्यक्ष कमलाकुंवर अंतरसिंह देवड़ा को अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। जिला पंचायत अध्यक्ष और जितेन्द्र मंडोरा ने बैठक में स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन में उल्लेखित बिंदुओं को निराकरण के लिए रखा।




**350 कर्मचारियों का वेतन और एरियर अटका:** बैठक में जितेन्द्र मंडोरा ने कर्मचारियों की समस्याओं का मुद्दा उठाते हुए बताया कि स्वास्थ्य विभाग के 350 से अधिक कर्मचारियों को फरवरी माह का वेतन नहीं मिला है। साथ ही कर्मचारियों के एचआरए, हड़ताल अवधि का वेतन और समयमान वेतनमान के लंबित एरियर की राशि का भुगतान भी नहीं किया जा रहा है। उन्होंने लंबित भुगतान तत्काल करवाए जाने के निर्देश देने की मांग की।

**सीएमएचओ कार्यालय में नियम विरुद्ध कार्य और लापरवाही:** मुख्य चिकित्सा अधिकारी उज्जैन कार्यालय की स्थापना शाखा में व्याप्त अनियमितताओं का मुद्दा भी उठाया गया। बताया गया कि मूल रूप से मलेरिया विभाग का तकनीकी कर्मचारी प्रभाकर त्रिपाठी स्थापना शाखा में नियम विरुद्ध कार्य कर रहा है। मूल संस्था में भेजने के आदेश के बावजूद वह स्थापना शाखा में बैठकर जानबूझकर लापरवाही और अनियमितताएं कर रहा है। महत्वपूर्ण आदेशों में कर्मचारियों के नाम गलत दर्ज कर बाद में संशोधन आदेश के नाम पर उन्हें परेशान किया जा रहा है। इस कार्यप्रणाली से विभाग के समस्त कर्मचारियों में भारी आक्रोश पनप रहा है।

**ई-अटेंडेंस से मिले मुक्ति, 55 पार की एएनएम पर न बने दबाव:** जितेन्द्र मंडोरा ने कहा कि महिला कर्मचारियों पर पारिवारिक दायित्वों के साथ शासकीय जिम्मेदारियों के निर्वहन का भी दबाव रहता है, जिसके चलते जल्दबाजी में मोबाइल घर भूल जाने से ई-अटेंडेंस दर्ज करना मुश्किल हो जाता है। ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत सभी कर्मचारियों को कर्मचारी हित में ई-अटेंडेंस से मुक्त रखना अतिआवश्यक है। इसके अतिरिक्त शासन के निर्देश हैं कि 55 वर्ष से अधिक उम्र की एएनएम से ऑनलाइन एंट्री नहीं करवाई जाए। ऑनलाइन एंट्री ऑपरेटर के माध्यम से करवाने के निर्देश होने के बावजूद एएनएम पर दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने शासन के निर्देशों के पालन में संबंधित बीएमओ को ऑनलाइन एंट्री ऑपरेटर के माध्यम से करवाने के लिए निर्देशित करने की मांग रखी।

### पहली बार समस्याओं को गंभीरता से सुना...

न्यू बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश अहिरवार ने बताया कि यह पहली बार है जब किसी जनप्रतिनिधि ने जिला पंचायत की बैठक में स्वास्थ्य कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए पुरजोर तरीके से उनके तत्काल निराकरण के लिए अपनी बात रखी है। अहिरवार ने समस्त कर्मचारियों की ओर से जिला पंचायत अध्यक्ष और जितेन्द्र मंडोरा का हृदय से आभार व्यक्त किया। ज्ञापन सौंपते समय संघ के जिला संयोजक अजय परमार, संभागीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण गहलोत, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र अहिरवार और संभागीय अध्यक्ष रफीक मंसूरी आदि उपस्थित थे।